## नवरात्र पर विशेष



### सप्तम-कालरात्रि

नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की आराधना की जाती है। देवी का वाहन गर्दभ (गधा) है। शरीर का रंग गहन अंधकार की भांति काला है, नाक से श्वसन प्रक्रिया में अग्नि की ज्वाला निकलती है। बाल बिखरे हुए हैं। गले में नरमुंडों की माला और मुर्दों पर सवार देवी का यह स्वरूप भयानक अवश्य है, लेकिन फिर भी मां सदैव शुभ फल ही देती है। इसी कारण इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। कालरात्रि दुष्टों का विनाश करती है। दैत्य-दानव, राक्षस और भूत-प्रेत तो देवी के स्मरण मात्र से भाग जाते हैं। अपने भक्तों के प्रति उदारमना देवी का एक हाथ सदैव वरदान देने के लिए उठा रहता है। इनकी पूजा करने वाले को अग्नि-भय, जल-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली हैं। इनकी उपासना का श्लोक है-

*एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।*
*लंबोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥*

**पुरानी रंजिश का मामला : लाठी-डंडे लेकर घर में घुसे, छत से फायरिंग की, 15 लोग घायल**

# जठलाना में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष में तीन को लगी गोलियां

**गोली लगने से घायल महिला व एक व्यक्ति को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया**

*दोनों पक्षों के बीच फायरिंग व जमकर ईंट, पत्थर व डंडे चले। संघर्ष में एक नबालिग समेत तीन लोग गोलियां लगने से घायल हो गए। वहीं, ईंट, पत्थर और डंडे चलने से 15 लोग चोटिल हो गए।*



***चोटिल हुए व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से मिली छुट्टी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के गांव जठलाना में शनिवार रात दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान फायरिंग व जमकर ईंट, पत्थर व डंडे चले। संघर्ष में एक नबालिग समेत तीन लोग गोलियां लगने से घायल हो गए। वहीं, ईंट, पत्थर और डंडे चलने से 15 लोग चोटिल हो गए। गोली लगने से घायल हुई महिला व एक व्यक्ति को पीजीआई चंडीगढ़ भेज दिया। जबकि नाबालिक को सिविल अस्पताल में भरती कर लिया गया। वहीं, मामले में चोटिल हुए लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। मामले में पुलिस ने दस लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।



यमुनानगर। जठलाना में हुए दो पक्षों के झगड़े में कार्रवाई करते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

**की जा रही जांच**

उन्हें गांव में गोली चलने की सूचना मिली थी। उन्होंने मौके पर पहुंच स्थिति को नियंत्रित किया। इस वारदात में तीन लोगों को गोली लगी है। मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा है, जिसमें एक युवक अभी जेल से बाहर आया था और उसके बाद ही यह सब हुआ है। जठलाना थाना प्रभारी संदीप ने बताया कि पुलिस गांव में तैनात है। अभी मामले की जांच कर रहे हैं। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से उनके पास कोई शिकायत नहीं पहुंची है। गांव में लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।
**-संदीप कुमार**, थाना प्रभारी जठलाना

**गांव के 20 लोगों ने डंडों और गंडासी से हमला कर दिया**

जानकारी के मुताबिक जठलाना निवासी तसव्वुर ने बताया कि शनिवार रात साढ़े नौ बजे परिवार के सदस्यों के साथ वह अपनी बैठक में बैठे हुए थे। इस दौरान गांव के 20 लोगों ने उन पर डंडों व गंडासी से हमला कर दिया। कुछ हमलावर घर की छत पर चढ़ गए। जहां से उन्होंने फायरिंग शुरु कर दी। तसव्वुर ने बताया कि फायरिंग में उसके भाई भूरा व भाभी महमूद के पेट में और ताऊ के 16 वर्षीय बेटे की जांघ में गोली लगी। इनमें भूरा व भाभी महमूद को यमुनानगर सिविल अस्पताल से चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया।

**दूसरे पक्ष का कहना है कि पहले पक्ष ने ही उनके ऊपर हमला बोला**

उधर मामले में दूसरे पक्ष का कहना है कि पहले पक्ष ने ही उनके ऊपर यह हमला किया है, जिसमें सरीना, फरमान, जाहिर, वाजिद, इस्लाम, ताहीद व साजिद को चोटें आई हैं। मामले के सभी घायलों को उपचार के करके अस्पताल से छुट्टी दे दी है। वहीं, ताऊ का बेटा यमुनानगर सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है। तसव्वुर ने बताया कि डंडों, गंडासियों व अन्य हथियारों से किए हमले में उसके पिता ताहिर, सनोवर, अनवर हसन, शाहरुण व सनवर को भी चोटे आईं हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उधर, दूसरे पक्ष का कहना है कि यह हमला तसव्वुर पक्ष के लोगों ने उन पर किया।

**पानीपत के पब्लिक स्कूल में वारदात**

# स्कूल में काम नहीं करने पर बच्चे को उल्टा लटकाया

***प्रधानाचार्य ने दो बच्चों को बेरहमी से पीटा, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल***



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के विराट नगर स्थित एक पब्लिक स्कूल में जहां बच्चे को खिड़की से उलटा बांधा गया, वहीं दो बच्चों के साथ प्रधानाचार्य मारपीट कर रही है। बच्चे को खिड़की से उलटा लटकाए जाने व मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में चल रहा है। इधर, पीड़ित बच्चे की माता निवासी मुखीजा कॉलोनी, पानीपत की शिकायत पर थाना मॉडल टाउन पुलिस ने बच्चे को खिड़की से बांध कर उलटा लटकाने के आरोपी स्कूल वाहन चालक निवासी रिफाइनरी रोड पर 115, 127(2), 351(2) बीएनए व 75 जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, 2015 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, आरोपी का आरोप है कि प्रधानाचार्य के कहने पर ही उसने बच्चे को बांधा था। जबकि प्रधानाचार्य का दावा है कि स्कूल में पुरुष टीचर नहीं है, इसके चलते उसने बच्चे को डांटने के लिए कहा था। जबकि जिन बच्चों की वह पिटाई कर रही है, उन्होंने दो बहनों के साथ मारपीट की थी। वहीं, पुलिस ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। पुलिस की जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शराब तस्करी में पूर्व विधायक का रिश्तेदार धर दबोचा

**अंबाला।** क्राइम ब्रांच ने शराब तस्करी के मामले में आरोपी रवि गुर्जर को गिरफ्तार किया है। जांच टीम ने मेडिकल जांच के बाद अब आरोपी रवि गुर्जर को पानीपत स्टेट क्राइम ब्रांच के हवाले कर दिया है। आरोपी रवि गुर्जर पानीपत जिले से कांग्रेस के पूर्व विधायक का साला बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। इस मामले में अभी तक जांच टीम ने बरामद की गई शराब की मात्रा की जानकारी नहीं दी है। अधिकारियों का कहना है कि छापेमारी से पहले आरोपी की लोकेशन और मूवमेंट पर लगातार नजर रखी गई। जब पुख्ता सबूत मिले, तभी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। रवि गुर्जर मूल रूप से कलानौर का रहने वाला है। लंबे समय से शराब के कारोबार में सक्रिय है। वह पिछली सरकारों के दौरान भी अलग-अलग जिलों में अवैध शराब का कारोबार करता रहा है।

## खबर संक्षेप

### ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग युवक ने की खुदकुशी

**डबवाली।** डबवाली में ससुरालयों से परेशान एक युवक ने नहर में कूद कर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या से पहले इस युवक ने अपने जीवन के कटु सत्य को लेकर एक वीडियो भी बनाया। डबवाली की फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी जितेंद्र शर्मा उर्फ दीपू नामक इस युवक द्वारा आत्महत्या करने के 48 घंटे बाद शनिवार देर रात उनका शव मसीतां हैंड के पास से राजस्थान नहर से बरामद किया गया। मृतक ने आत्महत्या से ठीक पहले एक वीडियो संदेश जारी किया था। जिसमें उसने अपनी मौत के लिए पत्नी के रिश्तेदारों को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल के पहुंचाया और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

### जमीन सौदे में धोखाधड़ी पटवारी समेत 9 पर केस

**भट्टूकलां।** भट्टू खंड के गांव गदली में विश्वास और भाईचारे की आड़ में एक बेहद चौंकाने वाला जमीन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में गांव के ही कुछ बिरादरी भाइयों और पटवारी की मिलीभगत से एक किसान से रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के बहाने 10 लाख रुपये की ठगी की गई। पीड़ित की शिकायत पर अब आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद की जांच के बाद भट्टू थाना पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कॉलेज की संपत्ति हड़पने का प्रयास, तीन नामजद

**यमुनानगर।** गांव कलावड़ स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलोजी नाम के इंजीनियरिंग कॉलेज की संपत्ति हड़पने के प्रयास में पुलिस ने बाप बेटे समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। आरोप है कि कॉलेज के साथ लगती भूमि पट्टे पर देते समय पट्टानामा में कालेज का भवन लिखवा दिया गया। कॉलेज की सोसाइटी के महासचिव रामकुमार पुंडीर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### विदेशी महिला ने दोस्ती कर 1.46 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में विदेशी महिला ने सोशल मीडिया पर दोस्ती कर कंपनी कर्मी से 1.46 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के सीवान निवासी संजीव कुमार पंडित ने बताया कि वह मानेसर में किराए पर रहता है। वह आईएमटी मानेसर की बूचीर हाइड्रॉलिक्स कंपनी में काम करता है। हनाह कोलेमैन नाम की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी।

**टी-10 क्रिकेट सीरीज खेलने थाईलैंड जा रहे**

## फतेहाबाद: 4 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट लीग में दिखाएंगे जलवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

खेलों में देशभर में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे फतेहाबाद जिले के खिलाडिय़ों ने एक बार जिले का नाम चमकाने का काम किया है। फतेहाबाद के चार क्रिकेट खिलाड़ी संदीप कंबोज, विरेंद्र सिंह, रोहित कंबोज और चंतवीर सिंह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने जा रहे हैं। ये खिलाड़ी बीइंग स्पोर्ट्समैन क्लब, मोहाली की ओर से खेलते हैं और अपनी तैयारी करन स्पोर्ट्स अकैडमी, सरदूलगढ़ में करते हैं। ये खिलाड़ी टी-10 क्रिकेट सीरीज सीजन-2 में हिस्सा लेने के लिए पटाया (थाईलैंड) जा रहे हैं। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 5 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होगा, जिसमें अलग-अलग देशों और राज्यों के खिलाड़ी भाग लेंगे। थाईलैंड के बाद ये खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में भी खेलेंगे। इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन से हरियाणा और देश का नाम भी रोशन होगा।

**त्योहारों पर पुलिस की सख्ती**

## पुलिस ने मारा छापा, 116 किग्रा बम पटाखे बरामद

**जींद।** एंटी व्हीकल थेप्ट स्टाफ ने गांव रधाना पशुबाड़े में छापेमारी कर 116 किलो 100 ग्राम बम पटाखे बरामद किए हैं। छापा पड़ने की भनक लगने पर आरोपित फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रधाना निवासी दीपक ने अपने चाचा के पशुबाड़े में बम पटाखों को छुपा कर रखा हुआ है। रिहायशी इलाके में बने पशुबाड़े में विस्फोट सामग्री का भंडारण करना



खतरनाक है। सूचना के आधार पर पुलिसकर्मियों ने पशुबाड़े में छापेमारी की तो वहां पर बंब पटाखो के कार्टून रखे पाए गए। जिनका वजन 116 किलो 100 ग्राम पाया गया। बरामद बम पटाखों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

**बहला फुसलाकर ले गया हिसार का युवक अरेस्ट**

## फतेहाबाद से अगवा लड़की को राजस्थान से किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/रतिया

जिले के रतिया क्षेत्र से नाबालिग बालिका के अपहरण का समाचार है। इस मामले में सूचना मिलते ही जिला पुलिस एक्शन में आ गई और अपहरणकर्ताओं को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया। थाना सदर रतिया व सीआईए रतिया की संयुक्त टीम ने इस मामले में अगवा की गई एक नाबालिग बालिका को महज कुछ घंटों में राजस्थान के श्रीगंगानगर से सकुशल बरामद कर लिया। साथ



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में अपहरण का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

ही, मुख्य आरोपी को भी मौके से काबू कर लिया गया। पकड़े गए मुख्य आरोपी की पहचान मोनू जाखड़ पुत्र रोहताश निवासी घुडसाल, थाना आदमपुर, जिला हिसार के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपहरण की बात स्वीकार की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम ने मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज, और मानव खुफिया तंत्र के माध्यम से हर संभावित ठिकाने की जांच की और मात्र कुछ घंटों में ही बच्ची का सुराग लगाकर उसे सुरक्षित बरामद कर लिया। मुख्य आरोपी मोनू जाखड़ निवासी घुडसाल, थाना आदमपुर, हिसार को राजस्थान के गंगानगर से मौके पर ही दबोच लिया गया।

## दुकान में आग, मालिक को छत से बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

**दमकल की चार गाड़ियां पूरी रात आग बुझाने में जुटी रहीं**

शहर के मेन बाजार स्थित एक दुकान में देर रात भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी दुकान और ऊपर मकान में मौजूद सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान तेज धमाका भी हुआ, जिससे आसपास के लोग सहम गए। सिलेंडर फटने की चर्चा है। आग के बीच फंसे दुकान मालिक को भी छत से कूदाकर बचाया गया। घटना रात करीब ढाई बजे की है। दरअसल, रत्नगोपाल और उसका भाई हरीश मेन बाजार में पुरानी सब्जी मंडी के नजदीक मॉडर्न जनरल स्टोर नाम से दुकान को चलाते हैं। हरीश दयानंद नगर में रहते हैं, जबकि रत्नगोपाल दुकान के ऊपरी तल पर अकेले ही रहते हैं। रात को आग लगने के बाद धुआं फैलने पर ऊपरी तल पर सो रहे रत्नगोपाल की आंख खुली, लेकिन निकलना मुश्किल हो गया और वह फंस गए। उन्होंने छोटे भाई हरीश को फोन



**बहादुरगढ़।** आग बुझाने में जुटी दमकल की टीम और मौके पर जुटी भीड़। फोटो : हरिभूमि

पर सूचना दी। आनन फानन में हरीश व अन्य लोग मौके पर पहुंचे और शटर खोलने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। बाद में रत्नगोपाल को छत से कूदाकर सुरक्षित बाहर निकाला गया।

**शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई**

दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इससे पहले भवन में रखा सिलेंडर भी फट गया। धमाके से आसपास का इलाका दहशत में आ गया। संकरी गलियों और लटकते बिजली तारों की वजह से दमकल गाड़ियों को मौके तक पहुंचने में भारी दिक्कत आई। दमकल विभाग की चारों गाड़ियां पूरी रात आग बुझाने में जुटी रहीं। पानी लाने के लिए दर्जनभर से अधिक चक्कर लगाए। सुबह करीब सात बजे आग पर नियंत्रण पाया जा सका, लेकिन दोपहर तक भी धुआं उठता रहा। आग से दुकान और उसमें रखा सामान पूरी तरह जल गया। भवन को भी नुकसान पहुंचा है। दमकल विभाग ने शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है।

### मूलधन पर ज्यादा ब्याज वसूलने वाले फाइनेंसर के खिलाफ मामला दर्ज

**यमुनानगर।** मूलधन पर हर महीना ज्यादा ब्याज वसूलने और दिए हुए पैसे से अधिक पैसे मांगने के आरोप में पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों की शिकायत पर एक फाइनेंसर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक योगेश नगर निवासी अनिल कुमार व कुलदीप नगर निवासी प्रीत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2021 में उन्हें कुछ पैसों की जरूरत थी। अनिल ने दिसंबर 2021 में और प्रीत कौर ने जनवरी 2021 में प्यारा चौक पर कार्यालय बनाकर रह रहे हिमांशु से ब्याज पर रुपये लिए। आरोप है 30 प्रतिशत ब्याज वसूला गया।

## नागरिक अस्पताल में तीन रेडियोग्राफरों पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में एक्स-रे रूम के बाहर रंजिशन तीन रेडियोग्राफर पर पांच-छह युवकों ने डंडों से हमला कर दिया। अस्पताल के एक सिक्योरिटी गार्ड सहित छह युवकों ने तीनों पर जमकर डंडे बरसाए।

भीड़ जमा होते देखकर हमलावर भरे अस्पताल के बीच से फरार हो गए। इस मारपीट में रेडियोग्राफर मोहित, शहजाद व अमित को अस्पताल में दाखिल करवाया गया। मोहित के सिर व शरीर पर अन्य जगह डंडे लगने पर वह एक्स-रे रूम में ही बेहोश हो गए था। अमित की बाजू में डंडे लगे हैं। शहजाद की टांगों और सिर पर चोट के निशान हैं। सुबह ही अस्पताल के ही एक सिक्योरिटी गार्ड व तीनों रेडियोग्राफर की मारपीट हुई थी। आधे घंटे बाद ही सिक्योरिटी गार्ड व उसके साथियों ने तीनों पर हमला कर दिया। सूचना पाकर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। दोनों पक्षों की ओर से हमले की शिकायत दी गई है। इस घंटे के बाद नागरिक अस्पताल में करीब तीन घंटे तक एक्स-रे सेवाएं बंद रहीं।

**घटना को संयोग मानकर कार्रवाई**

## बहादुरगढ़: तालाब में डूबने से प्रवासी व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मेहंदीपुर डाबोदा में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां तालाब में डूबने से यूपी मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार की सुबह एसडीआरएफ गोताखोर टीम ने शव को तालाब से बाहर निकाला। सदर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 51 वर्षीय कृष्ण के रूप में हुई है। उत्तर प्रदेश मूल का कृष्ण पिछले कुछ समय से मेहंदीपुर डाबोदा में एक व्यक्ति के यहां काम करता था। उसके मवेशियों की देखरेख करता था। जानकारी के अनुसार, शनिवार को वह भैंसों को



**बहादुरगढ़।** शव को तालाब से बाहर निकालती एसडीआरएफ टीम।

गांव के तालाब पर ले गया था। संभवतः इस दौरान पांव फिसलने से वह तालाब में डूब गया। गहराई अधिक होने के कारण निकल नहीं सका। शाम तक वापस नहीं लौटा तो पशु मालिक ने तलाश शुरू की। इस दौरान पता चला कि वह तालाब में डूब गया है।

**लापरवाही** | **सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, हरकत में आया जेल प्रशासन**

# अंबाला सेंट्रल जेल से फरार कैदी मामले में दो कर्मचारी निलंबित

***बिजली के 18 फीट उंचे खंभे पर चढ़कर तारों के जरिए आरोपी हुआ था फरार***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सेंट्रल जेल से दिनदहाड़े एक बंदी उंची दीवार फांदकर फरार हो गया। यह घटना तब हुई जब जेल परिसर में बिजली गुल थी। अब इस मामले में जेल प्रशासन द्वारा दो कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है। इनमें हेड वार्डन दिलीप और वार्डन गौरव शामिल है। फरार बंदी की पहचान बिहार के अजय कुमार के तौर पर हुई है। अजय पॉक्सो एक्ट और रेप जैसे गंभीर अपराधों में जेल में बंद था। 45 दिनों के भीतर अंबाला सेंट्रल जेल से कोई कैदी दूसरी बार फरार हुआ है। इससे पहले अगस्त में एक अन्य आरोपी जेल से भाग निकला था।बीते रोज करीब 3 बजे जेल परिसर में चल रहे कारखाने को बंद करने की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान जब बंदियों की गिनती की गई तो पाया गया कि अजय कुमार



गायब है। जेल अधिकारियों ने तुरंत सभी गेटों को बंद कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच में पता चला कि अजय कुमार ने पहले जेल के अंदर बने कारखाने की छोटी दीवार लांघी। इसके बाद वह करीब 18 फुट ऊंचे बिजली के खंभे पर चढ़ गया। वह बिजली की तार को पकड़कर मुख्य दीवार पार कर फरार हो गया।

अंबाला सेंट्रल जेल के डिप्टी सुपरीटेंडेंट ने बलदेव नगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जेल परिसर में बिजली के कट बार-बार लग रहे थे। अजय ने इसी स्थिति का फायदा उठाया। उसने बिजली की तार को पकड़कर दीवार पार की और मौके से भाग निकला।अब पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि अजय ने यह योजना कब और कैसे बनाई। अजय कुमार पर 17 मार्च 2024 को आईपीसी की धारा 363, 366ए, 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत केस पंचकुला के थाना मनसा देवी कांप्लेक्स में दर्ज हुआ था। बलदेव नगर थाना प्रभारी धर्मबीर ने कहा कि फरार अजय कुमार की तलाश में पुलिस ने कई टीमें गठित कर दी है। अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर और आसपास के जिलों में नाकाबंदी कर दी गई है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और हाइवे पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

**सेंट्रल जेल में यह चूक का पहला मामला नहीं**

बता दें कि अंबाला सेंट्रल जेल में यह चूक का पहला मामला नहीं है। इससे पहले 13 अगस्त को भी पंचकूला का रहने वाला सुखबीर कालिया जेल से फरार हो गया था। उस पर धार्मिक स्थल पर अश्लील हरकत करने का आरोप था। सुखबीर को 12 अगस्त को जेल भेजा गया था लेकिन अगले ही दिन शाम को जब बंदियों की गिनती हुई तो वह गायब पाया गया। जांच में सामने आया कि सुखबीर कालिया जेल में सिलेंडर छोड़ने आई गाड़ी के नीचे छुपकर भाग गया था। मजे की बात है कि किसी सुरक्षाकर्मी इसकी भनक तक नहीं लगी। इस लापरवाही के बाद जेल अधीक्षक ने मुख्य वार्डन सतीश और वार्डन आत्माराम को निलंबित कर दिया था।

